


सागर **प्रवेश संवाद**

चुप न रहें संवाद करें




सागर, शुक्रवार, 27 मार्च 2026


## सोशल मीडिया पर फोटो-वीडियो वायरल होने से बढ़ी हड़बड़ी, पुलिस पहुंची

# अफवाह से बीना-खुरई में पेट्रोल पंपों पर मची अफरा-तफरी, प्रशासन ने कहा- ईंधन का पर्याप्त स्टॉक

**प्रवेश संवाद बीना/सागर**

बीना और खुरई में बुधवार रात पेट्रोल-डीजल खत्म होने की अफवाह फैल गई। इसके बाद पेट्रोल पंपों पर अचानक भीड़ पड़ी। स्थिति बिगड़ने पर पेट्रोल पंप पर पुलिस को मोर्चा संभालना पड़ा। कई लोग अपनी गाड़ियों की टंकियां फुल कराने के लिए पंपों पर पहुंच गए। अफवाह फैलने के बाद शहरों के साथ-साथ आसपास के पेट्रोल पंपों पर भी भीड़ बढ़ गई। सोशल मीडिया पर पंपों की भीड़ के फोटो और वीडियो वायरल होने से स्थिति और बिगड़ गई। लोग जल्द से जल्द ईंधन लेने की होड़ में पंपों पर पहुंचने लगे, जिससे नेशनल हाईवे रोड पर स्थित पंपों पर वाहनों की कतारें लग गईं। पेट्रोल पंप पर रात में लोग ईंधन के लिए इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान एक एम्बुलेंस में डीजल डाले जाने पर लोगों की नाराजगी बढ़ गई। रात करीब 10 बजे तक पेट्रोल पूरी तरह खत्म हो गया, जबकि डीजल के लिए भी मारामारी की स्थिति बनी रही। उपभोक्ताओं और कर्मचारियों के बीच विवाद की सूचना पर बीना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और समझाइश देकर मामला शांत कराया। कई लोगों को बिना ईंधन लिए वापस लौटना पड़ा। प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि बीना और खुरई के सभी पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। एसडीएम मनोज चौरसिया ने आमजन से अफवाहों पर ध्यान न देने और शांति बनाए रखने की अपील की है।



## तेंदूखेड़ा में अफवाहों का असरः पेट्रोल पंपों पर लगी भीड़, पेट्रोल-डीजल की अफवाह से मचा हड़कंप, क्षेत्रभर में लंबी कतारें, नगर सहित क्षेत्र में 10 पेट्रोल पंप ,पांच में नहीं बचा डीजल-पेट्रोल

**प्रवेश संवाद तेंदूखेड़ा**



नगर क्षेत्र सहित समनापुर, साँगा , झलौन क्षेत्र के विभिन्न पेट्रोल पंपों पर बुधवार को एवं गुरुवार की सुबह अचानक पेट्रोल एवं डीजल लेने के लिए भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान दोपहिया, चारपहिया, ट्रैक्टर , बड़े वाहनों, एवं बड़े-बड़े कुप्पो को लेकर लोग पेट्रोल पंप पहुंचे जहां पर पेट्रोल डीजल लेने के लिए लंबी कतारें रही। भारत पेट्रोलियम, हिंदुस्तान पेट्रोलियम, इंडियन ऑयल तथा नायरा पेट्रोल पंप सहित क्षेत्र के प्रमुख पेट्रोल पंपों पर स्थिति कुछ समय के लिए अव्यवस्थित हो गई, जिसे नियंत्रित करने हेतु प्रशासन को तत्काल हस्तक्षेप करना पड़ा। भीड़ अधिक होने के कारण पुलिस , राजस्व विभाग तहसीलदार, नायब तहसीलदार ,आर आई, पटवारीयो तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौके पर पहुंचकर व्यवस्था बनाने में जुट गए। झलौन स्थित भारत पेट्रोलियम ,ग्राम समनापुर एवं ग्राम साँगा मै स्थित इंडियन ऑयल के पेट्रोल पंपो में पेट्रोल एवं डीजल दोनों पर्याप्त मात्रा में है दोनों जगह शासन की गाइडलाइन के अनुसार ही पेट्रोल, डीजल दिया जा रहा है नगर तेंदूखेड़ा में स्थित तीनों पेट्रोल पंपो पर भी आम नागरिकों की भारी भीड़ रही। प्रारंभिक तौर पर सामने आया कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे फेसबुक एवं व्हाट्सएप पर पेट्रोल-डीजल की कमी को लेकर फैली अफवाहों के कारण लोगों में घबराहट की स्थिति उत्पन्न हुई, जिसके चलते लोग बड़ी मात्रा में ईंधन संग्रह करने के उद्देश्य से पेट्रोल पंपों पर पहुंचने लगे। झलौन मै स्थिति को नियंत्रित करने हेतु तहसीलदार विवेक व्यास एवं पटवारी मौके पर पहुंचे और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। तहसीलदार द्वारा निर्देशित किया गया कि पेट्रोल एवं डीजल का वितरण सुव्यवस्थित तरीके से किया जाए। इसके तहत पेट्रोल के लिए 5 लीटर तक कूपन व्यवस्था लागू करने तथा डीजल के लिए निर्धारित सीमा के अनुसार वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, ड्रम, गैलन अथवा अन्य अनधिकृत कंटेनरों में पेट्रोल देने पर रोक लगाई गई, ताकि अनावश्यक भंडारण को रोका जा सके। तहसीलदार विवेक व्यास ने बताया कि क्षेत्र में पेट्रोल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है, जबकि कुछ पेट्रोल पंपों पर डीजल की अस्थायी कमी देखी गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बुधवार को अचानक मांग बढ़ने के कारण कुछ स्थानों पर आपूर्ति प्रभावित हुई थी, लेकिन गुरुवार को प्रशासन द्वारा स्थिति को काफी हद तक नियंत्रित कर लिया गया है। वर्तमान में किसी प्रकार की घबराने वाली स्थिति नहीं है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि पूरे क्षेत्र में कुल 10 पेट्रोल पंप संचालित हैं, जिनमें से लगभग 5 पंपों पर डीजल अस्थायी रूप से समाप्त हुआ है, जबकि पेट्रोल सभी स्थानों पर उपलब्ध है। प्रशासन द्वारा पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देशित किया गया है कि वे नियमित आपूर्ति बनाए रखें और किसी भी प्रकार की कृत्रिम कमी उत्पन्न न होने दें। प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर फैल रही भ्रामक सूचनाओं पर ध्यान न दें और अनावश्यक रूप से पेट्रोल-डीजल का भंडारण न करें। पर्याप्त मात्रा में ईंधन उपलब्ध है तथा आपूर्ति व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित की जा रही है। नागरिकों से सहयोग की अपेक्षा की गई है ताकि व्यवस्था सामान्य बनी रहे और सभी को आवश्यकतानुसार ईंधन उपलब्ध हो सके।

# 13 साल बाद परिवादी को मिला न्याय: बीमा कंपनी को देना होंगे 11.75 लाख रुपए

- मानसिक क्षति के रूप में लगाया 20 हजार का जुर्माना

**प्रवेश संवाद** सागर

वाहन दुर्घटनाग्रस्त होने पर बीमा दावा करने पर बीमा कंपनी द्वारा राशि नहीं देने के मामले में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग ने फैसला सुनाया है। आयोग ने बीमा कंपनी को आवेदक के लिए बीमा राशि 11.75 लाख रुपए का भुगतान करने और मानसिक क्षति के रूप में 20 हजार रुपए भुगतान करने का आदेश दिया है। जानकारी के अनुसार, राजस्थान कंस्ट्रक्शन कार्पोरेशन द्वारा प्रोप्राइटर संजीव कुमार शर्मा, उनके वारसान ऊषा शर्मा, आशीष शर्मा, कार्तिक शर्मा सभी निवासी बीना ने नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड शाखा प्रबंधक तिली वार्ड सागर के खिलाफ आयोग में वर्ष 2019 में परिवाद पेश की थी।

परिवाद में बताया गया कि 28 अप्रैल 2012 से दिनांक 27 अप्रैल 2013 के लिए आवेदक का वाहन अनावेदक के यहां 1205400 रुपए



के लिए बीमित था। उक्त वाहन 17 अप्रैल 2012 को दुर्घटनाग्रस्त होकर क्षतिग्रस्त हो गया। जिसका अनावेदक ने बीमा राशि भुगतान नहीं करने के कारण पूर्व में संजीव कुमार शर्मा ने इस आयोग के समक्ष परिवाद पेश की थी। लेकिन संजीव शर्मा द्वारा प्रस्तुत परिवाद अपरिपक्व होने के कारण इस निर्देश के साथ निरस्त कर दिया गया था कि अनावेदक एक माह के अंदर अनावेदक के पत्र 21 जनवरी 2013 के अनुसार चाहे गए दस्तावेज उसके यहां प्रस्तुत कर पावती ले और दस्तावेज प्राप्ति के बाद एक माह के अंदर अनावेदक बीमा दावा का निराकरण कर आवेदकगण को सूचित करें।

लेकिन आवेदकगण द्वारा नियत अवधि के भीतर अपना लिखित पक्ष अनावेदक को दे देने के बाद भी अनावेदक ने आवेदकगण के दावा का निराकरण नहीं किया। अनावेदक ने इस आयोग के आदेश के खिलाफ राज्य आयोग भोपाल में अपील लगाई। यहां भी बीमा दावा का निराकरण नहीं किया गया।

दो महीने में भुगतान करना होगी राशि परिवादी की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता पवन नन्होरिया ने बताया कि बीमा राशि का भुगतान नहीं करने के मामले में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग के अध्यक्ष राजेश कुमार कोष्टा, सदस्य अनुभा वर्मा ने सुनवाई की। सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों ने अपने साक्ष्य पेश की।

आयोग ने मामले में दोनों पक्षों को सुना और मामले में 13 साल बाद फैसला सुनाया है। फैसले में बीमा कंपनी को आवेदकगण को उसके बीमा दावा के एवज में 11 लाख 75 हजार 400 रुपए बीमा दावा निरस्ती दिनांक 10 फरवरी 2022 से भुगतान दिनांक तक 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ, सेवा में कमी और मानसिक क्षति के रूप में 20 हजार रुपए और परिवाद व्यय के 2 हजार रुपए का भुगतान दो माह के अंदर करने का आदेश दिया है।

# ट्रेन में सफर कर रहे परिवार से बिछड़ी बेटी, स्टेशन पर सर्चिंग कर तलाशा



- मैहर से कटाई करने सागर आ रहा था परिवार

**प्रवेश संवाद** सागर

मैहर से ट्रेन में सागर के खुरई स्टेशन की यात्रा कर रहे एक परिवार की बेटी सागर रेलवे स्टेशन पर उतर गई। परिवार ट्रेन में आगे चला गया। मामले की शिकायत मिलते ही पुलिस और जीआरपी ने तलाश शुरू की। सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले और बालिका को सुरक्षित दस्तयाब कर लिया गया। परिवार को सूचना देकर बालिका को सुरक्षित उन्हें सौंप दिया गया है।

जानकारी के अनुसार, मैहर क्षेत्र का एक परिवार ट्रेन में सागर जिले के खुरई की यात्रा कर रहा था। परिवार कटाई का काम करने सागर आया था। सफर के दौरान ट्रेन सागर रेलवे स्टेशन पर पहुंची। तभी 7 वर्षीय बालिका स्टेशन पर उतर गई। लेकिन परिवार ट्रेन में सोता रहा और आगे निकल गया। परिवार के सदस्यों की आंख खुली तो बेटी नहीं थी। उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने तलाश शुरू की। स्टेशन पहुंचकर जीआरपी की मदद ली गई। पुलिस और जीआरपी की टीम ने स्टेशन परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। तभी बालिका की लोकेशन मिली और स्टेशन के पास से उसे सुरक्षित बरामद किया गया। पुलिस ने परिवार को सूचना दी और पुलिस कंट्रोल रूम बुलाया। कंट्रोल रूम में पुलिस ने बालिका को सुरक्षित परिवार के हवाले कर दिया है। बेटी को सुरक्षित पाकर मां की आंखों से आंसू झलक उठे। बालिका को तलाशने वाली टीम में उप निरीक्षक आरकेएस चौहान, एफआरबी गोपालगंज से प्रधान आरक्षक कमलेश मिश्रा, पायलट विक्रांत सिंह और जीआरपी के जवान शामिल थे।

# पति की मौत को पत्नी ने बताया हत्या, एसपी कार्यालय में आवेदन सौंपा

- बोली- मारपीट के बाद पति की बिगड़ी थी तबीयत

**प्रवेश संवाद** सागर



नरयावली थाना क्षेत्र के ग्राम खैराई में तबीयत बिगड़ने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मामले में मृतक की पत्नी ने हत्या का आरोप लगाया है। पत्नी ने परिवार वालों के साथ एसपी कार्यालय पहुंचकर शिकायती आवेदन सौंपा और जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की। शिकायत करने पहुंची अनीता पति श्रीराम रजक निवासी खैराई ने एसपी कार्यालय में ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि 10 मार्च की शाम करीब 6 बजे पति श्रीराम रजक घर आए। मैंने देखा कि पति के कपड़े फटे हैं। शरीर पर चोटे हैं।

पूछने पर पति श्रीराम रजक ने बताया कि कलू यादव ने गांव के तिगड्डा पर गालीगलौज कर मारपीट की गई। जमीन पर पटका और सीने पर बैठकर पीटा। डंडे भी मारे। वह जान बचाकर घर आ गए। इसी दौरान पति कहने लगे कि सीने में दर्द हो रहा है। तुरंत परिवार के लोगों को जानकारी दी।

ऑटो से नरयावली में प्राइवेट अस्पताल लेकर गए। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मौत होने पर पति के शव को लेकर नरयावली थाने पहुंचे। पुलिस ने तिली अस्पताल भेजा और शव का पोस्टमार्टम कराया है।

**परिवार ने दोषी पर कार्रवाई की मांग की:** मृतक के चाचा दरया रजक ने आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस मामले में सुनवाई नहीं कर रही है। मारपीट करने वाला कलू यादव खुला घूम रहा है। मृतक श्रीराम के तीन बच्चे हैं। उसकी मौत के बाद परिवार का पालन-पोषण करने वाला कोई नहीं बचा है।

उन्होंने पुलिस से मामले में निष्पक्ष जांच कर दोषी पर कार्रवाई करने की मांग की है। नरयावली थाना प्रभारी कपिल लाक्षाकार ने बताया कि मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया गया है। शव का पोस्टमार्टम कराया है। पीएम रपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## कलेक्टर के निर्देश पर पेट्रोल पंपों का निरीक्षण दी जा रही है समझाइश

**सागर.** कनेक्टर संदीप जी आर के निर्देश के तत्काल पश्चात समस्त राजस्व अधिकारी एवं जिला आपूर्ति अधिकारी के द्वारा लगातार पेट्रोल पंपों की मॉनिटरिंग की जा रही है। कलेक्टर के निर्देश पर सिटी मजिस्ट्रेट गगन विसेन, विजय डेहरिया, एसडीएम अमन मिश्रा, एसडीएम श्रीमती आरती यादव, कुलदीप पाराशर, रविश श्रीवास्तव, मनोज चौरसिया, मुनव्वर खान, श्रीमती राजनंदिनी शर्मा, कुलदीप पाराशर, संदीप तिवारी, राहुल गौड, राजेश पांडे, प्रतीक रजक सहित अन्य राजस्व अधिकारी एवं जिला आपूर्ति अधिकारी श्रीमती ज्योति बघेल, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी निशांत पांडे ने जिले के समस्त पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया एवं पेट्रोल पंप पर मौजूद नागरिकों से अपील की गई कि पेट्रोल डीजल की कोई भी कमी नहीं है घबराने की आवश्यकता नहीं सभी को पेट्रोल हमेशा मिलता रहेगा निरंतर आपूर्ति बनी हुई है। सभी एसडीएम के द्वारा अपने अपने क्षेत्र की पेट्रोल पंप संचालकों की भी बैठक ली गई एवं आवश्यक निर्देश दिए गए।

# रेलवे स्टेशन के पास कुत्तों ने हिरण को किया घाय, इलाज जारी

- रेस्क्यू के बाद वन विभाग को सौंपा

**प्रवेश संवाद** सागर



बीना रेलवे स्टेशन के पार्सल कार्यालय के पास कुत्तों के हमले में गुरुवार को एक हिरण घायल हो गया। सूचना मिलने पर आरपीएफ, वन विभाग और गौ सेवा दल के सदस्य मौके पर पहुंचे। एक घंटे के रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद घायल हिरण को पकड़कर इलाज के बाद वन विभाग को सौंप दिया गया। जानकारी के अनुसार, बीना जंक्शन के पार्सल कार्यालय के पास एक घायल हिरण घूम रहा था। आरपीएफ के एसआई अशोक यादव और आरक्षक पंकज ने हिरण की हालत देखी और तत्काल वन विभाग, गौ सेवा दल और डायल 112 को सूचित किया। करीब एक घंटे तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद हिरण को सुरक्षित पकड़ा जा सका। इसके बाद गौ सेवा दल के सदस्यों ने मौके पर ही हिरण का प्राथमिक उपचार किया। उपचार के बाद उसे वन विभाग के सुपुर्द कर दिया गया। स्थानीय लोग इस बात को लेकर कयास लगा रहे हैं कि आखिर हिरण रेलवे स्टेशन के पास आबादी वाले क्षेत्र में कैसे पहुंचा। हिरण को पकड़ने में गौ सेवा दल के सदस्य राजेंद्र यादव, अनुराग जैन, अमर ठाकुर, ओम नारायण ठाकुर, डिप्टी रेंजर सुनील कुमार, वनरक्षक जलोत गोस्वामी, संग्राम सिंह यादव, डायल 112 से आरक्षक विक्रम प्रताप और पायलट इमरत सेन प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# 12 किसानों के खेतों में लगी आग, ग्रामीणों-आरक्षक ने मिलकर पाया काबू



**प्रवेश संवाद ▪ बीना.**

बीना के खिमलासा थाना क्षेत्र के गढ़ोली जवाहर गांव में गुरुवार को 10 से 12 किसानों के खेतों में अचानक आग लग गई।

इस घटना में एक किसान की सरसों और धनिए की फसल पूरी तरह जल गई, जबकि अन्य किसानों की कटाई हुई नरवाई भी प्रभावित हुई। आग देखते ही देखते विकराल रूप ले रही थी, लेकिन ग्रामीणों ने तुरंत एकजुट होकर खिमलासा पुलिस को सूचना दी। उन्होंने अपने पानी के टैंकर और बाल्टियों का इस्तेमाल कर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। खिमलासा थाने की डॉयल 112 टीम मौके पर पहुंची। आरक्षक मलखान पाल ने ग्रामीणों के साथ मिलकर आग पर काबू पाने में अहम भूमिका निभाई।

- दमकल की गाड़ियों पर देरी से पहुंचने का आरोप

आग पूरी तरह नियंत्रित होने के बाद बीना और मालथौन से दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। तब तक ग्रामीणों और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई से आग पूरी तरह बुझ चुकी थी। दमकल की देरी से कुछ ग्रामीण आक्रोशित भी दिखाई दिए।

### आईएमए सागर का सीएचसी देवरी में जागरूकता, जांच और उपचार का विशेष अभियान

# विश्व टीबी दिवस पर डॉक्टरों ने बताए लक्षण और उपचार की प्रक्रिया

- लगातार खांसी, कमजोरी और बुखार टीबी के प्रमुख संकेत

**प्रवेश संवाद सागर**



इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) सागर शाखा एवं स्वास्थ्य विभाग सागर के संयुक्त तत्वावधान में आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, देवरी में विश्व टीबी दिवस के अवसर पर एक विशेष जागरूकता शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस अवसर पर चिकित्सकों, स्वास्थ्य कर्मियों, आशा कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों की उल्लेखनीय सहभागिता रही। शिविर का उद्देश्य टीबी के लक्षणों, उपलब्ध जांचों तथा उपचार के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना था।

आईएमए अध्यक्ष डॉ. तल्हा साद ने बताया कि देश में न केवल टीबी के मामलों में कमी आई है, बल्कि उपचार की दिशा में भी महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। वर्तमान में टीबी उपचार कवरेज लगभग 92% तक पहुंच चुका है।

उन्होंने बताया कि टीबी मुख्यतः संक्रमित व्यक्ति के खांसने या छींकने से फैलने वाले जीवाणुओं के माध्यम से श्वसन द्वारा दूसरे व्यक्ति में फैलती है, जिसके कारण यह प्रायः फेफड़ों को प्रभावित करती है। हालांकि, यह रोग शरीर के अन्य अंगों जैसे आंख, रीढ़, मस्तिष्क, आंत एवं गर्भाशय को भी प्रभावित कर सकता है। अतः समय पर पहचान एवं उपचार अत्यंत आवश्यक है।

टीबी के प्रमुख लक्षणों में दो सप्ताह से अधिक समय तक लगातार खांसी, सीने में दर्द या भारीपन, खांसी के साथ खून या बलगम आना, लगातार कमजोरी एवं थकान, बिना कारण वजन कम होना, हल्का बुखार तथा रात्रि में अधिक पसीना आना शामिल हैं। डॉ. साद ने यह भी बताया कि कुछ मामलों में टीबी के स्पष्ट लक्षण नहीं होते, जिसे लेटेंट टीबी कहा जाता है। इसकी पहचान के लिए CyTB जांच सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क उपलब्ध है। जिन व्यक्तियों में यह जांच सकारात्मक आती है, उन्हें सप्ताह में एक बार कुल 12 खुराक का उपचार दिया जाता है, जिससे अगले 18 वर्षों तक टीबी विकसित होने की संभावना लगभग 80% तक कम हो जाती है। कार्यक्रम में मुख्य ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ. अर्चना सरन ने बताया कि टीबी का उपचार डॉट्स कार्यक्रम के अंतर्गत 6 माह तक निःशुल्क उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने पूर्ण एवं नियमित उपचार के महत्व पर विशेष बल दिया।

# रिशांक तिवारी ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं

**प्रवेश संवाद सागर**



प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के जन्मदिन के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से बधाईयों का सिलसिला जारी रहा। इसी क्रम में संकल्प फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं सक्रिय जनप्रतिनिधि रिशांक तिवारी ने मुख्यमंत्री आवास पहुंचकर उन्हें व्यक्तिगत रूप से जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।

इस दौरान रिशांक तिवारी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से सौहार्दपूर्ण मुलाकात की और उनके नेतृत्व में मध्यप्रदेश में हो रहे विकास कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि "डॉ. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में प्रदेश निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है और आमजन के हितों को केंद्र में रखकर लिए जा रहे निर्णय निश्चित ही प्रदेश को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे।"

रिशांक तिवारी ने मुख्यमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके मार्गदर्शन में प्रदेश में विकास और जनकल्याण के कार्य और अधिक गति से आगे बढ़ेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी इस अवसर पर रिशांक तिवारी का आभार व्यक्त करते हुए उनके सामाजिक कार्यों की सराहना की और युवाओं को समाजहित में आगे बढ़कर योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

यह मुलाकात न केवल औपचारिक रही बल्कि इसमें प्रदेश के समग्र विकास और युवाओं की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी सकारात्मक चर्चा हुई जिससे एक सशक्त और जागरूक समाज के निर्माण की दिशा में नई ऊर्जा का संचार हुआ।

### प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के ख़िलाफ़ शिवसेना ने खोला मोर्चा! कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

# शिवसेना का दावा- 135 उद्योगों को अनुमति, लेकिन निरीक्षण सिर्फ 2 का; जांच न होने से फैल रहा प्रदूषण

**प्रवेश संवाद सागर**



मकरोनिया में बिना निरीक्षण उद्योगों को सीटीओ व एनओसी जारी करने वाले क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों पर कार्रवाई की माँग को लेकर शिवसेना ने सागर कलेक्टर संदीप जी आर को ज्ञापन सौपा। शिवसेना जिला प्रभारी विकास सिंह ने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों की मिलीभगत से रेड एवं ऑरेंज जोन सहित अन्य उद्योगो को नियम विरुद्ध एनओसी लेकर चल रहे है जहाँ प्रदूषण विभाग द्वारा लगभग 135 उद्योगों को CTE व CTO प्रमाण पत्र जारी किया लेकिन अनआपत्ति प्रमाण पत्र (NOC) देते समय साइड पर अधिकारियों ने मात्र 2 उद्योगों पर निरीक्षण किया और तो वही उद्योगों से निकलने वाले धुए या गंदे पानी की लैब द्वारा कोई जांच ही नहीं की गई तो फिर निरीक्षण रिपोर्ट में सब कुछ सही कैसा मना प्रदूषण व गंदा पानी रोकने वाले लगभग 237 ( ETP STP APC) यंत्र सिर्फ कागजों पर लगाए गए या फिर बंद पड़े हुए है विभाग द्वारा उनके बिजली बिलों की जांच नहीं की गई जबकि उक्त यंत्रों का 24 घंटे चलना अनिवार्य है प्रदूषण मापने वाले फ्लो मीटर लगे ही नहीं या बंद पड़े है शिवसेना उप राज्य प्रमुख पप्पू तिवारी ने आरोप लगाया क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी लाखो रुपये लेकर कार्यालय में बैठकर बिना जांच पड़ताल के एनओसी जारी कर रहे है डिफाल्टर बंसल हॉस्पिटल पर कार्रवाई या जुर्माना लगने की वजह रात 12 बजे एनओसी रिन्यू कर जाते है अधिकांश होटल स्टोन क्रेशर सर्विसिंग सेंटरों ने वर्षो से ( फ़ार्म बी) जमा नहीं किया और प्रदूषित कचरा पानी रहवासी नालियों में छोड़ा जा रहा है जिसके प्रमाण कलेक्टर संदीप जी आर को शिवसेना द्वारा ज्ञापन के साथ सौंपा गए है शिवसेना जिला प्रमुख दीपक सिंह लोधी ने कहा मकरोनिया सहित जिले भार में सैकड़ो उद्योगों की एनओसी बैधता ख़त्म हो चुकी है तो कई के पास प्रदूषण विभाग की NOC ही नहीं है और विभाग के अधिकारी आंख बंद कर बैठे है और लाखो रुपये की वसूली कर रहे है शीघ्र ही लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं की जाती है तो शिवसेना एनजीटी, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल मुख्यमंत्री से शिकायत के साथ क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सागर का घेराव करेगी ज्ञापन देने वालो में बलराज जोशी, अमन ठाकुर आशुतोष तिवारी सतीश अवस्थी आदि जैन पंकज दुबे उपस्थित थे।

### विश्व क्षय रोग (T.B.) दिवस पर बुन्देलखण्ड मेडीकल कॉलेज में आयोजन

# नागरिकों को टीबी के बारे में किया जागरूक



**प्रवेश संवाद सागर**

महाराणा प्रताप कॉलेज ऑफ नर्सिंग सागर में विश्व क्षय रोग (T.B.) दिवस के अवसर पर बुन्देलखण्ड मेडीकल कॉलेज एवं तिली गाँव में सामुदायिक जागरुकता कार्यक्रम के माध्यम से नागरिकों को टीबी के बारे में जागरूक किया गया। हम सभी साथ मिलकर एक स्वस्थ भविष्य में योगदान दे सकते हैं। छात्रों द्वारा रैली एवं पोस्टर के माध्यम से लोगों को जागरूक कराया गया। इसमें महाराणा प्रताप कॉलेज ऑफ नर्सिंग के संचालक डॉ. संजय सिंह सर, महाविद्यालय कि प्राचार्या डॉ. आकांक्षा मंडल, उप-प्राचार्य डॉ. कपिल साहू एवं समस्त नर्सिंग स्टॉफ ने इस कार्यक्रम में सम्मिलित होकर अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# जल गंगा संवर्धन अभियान: प्रतियोगिताओं और रैली के माध्यम से दिया जल बचाने का संदेश

**प्रवेश संवाद सागर**



उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार, पं. दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवं वाणिज्य (अग्रणी) महाविद्यालय, सागर में 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के अंतर्गत जनसहभागिता के माध्यम से जल संरक्षण और संवर्धन पर केंद्रित विभिन्न कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता के कुशल निर्देशन एवं कार्यक्रम प्रभारी डॉ. अमर कुमार जैन के मार्गदर्शन में आयोजित इन कार्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों को जल की महत्ता और जल स्रोतों के पुनर्जीवन के प्रति जागरूक करना रहा। इस वृहद आयोजन को सफल बनाने के लिए गठित विभिन्न समितियों के सदस्यों ने कड़ी मेहनत और समर्पण के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाई। भाषण प्रतियोगिता को डॉ. संगीता मुखर्जी (संयोजक), श्रीमती भानुप्रिया पटेल एवं डॉ. कनिष्क तिवारी की टीम ने बखूबी संपन्न कराया। पोस्टर प्रतियोगिता में डॉ. प्रतिमा जैन (संयोजक), डॉ. संदीप सबलोक, डॉ. शालिनी सिंह परिहार की टीम ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता को प्रोत्साहित किया। निबंध प्रतियोगिता का कुशल संचालन डॉ. अभिलाषा जैन (संयोजक) के साथ श्री राकेश सैनी एवं श्रीमती रोशनी चौधरी ने किया। वहीं, स्लोगन प्रतियोगिता का दायित्व डॉ. राणा कुंजर सिंह (संयोजक), श्रीमती राखी गौर एवं सुश्री प्रतीक्षा जैन ने संभाला। जागरूकता रैली का नेतृत्व लेफ्टिनेंट जयनारायण यादव (संयोजक), लेफ्टिनेंट कीर्ति रैकवार एवं डॉ. अनिल मेहरोलिया द्वारा किया गया, जिसमें एनसीसी कैडेट्स और विद्यार्थियों ने नगर में जल चेतना का संचार किया। भाषण प्रतियोगिता में रविकिला शुक्ला ने हसिल किया प्रथम स्थान अभियान के अंतर्गत आयोजित भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने 'जल संरक्षण और संवर्धन' विषय पर अपने ओजस्वी विचार रखे। निर्णायक मंडल के मूल्यांकन के आधार पर रविकिला शुक्ला ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पूनम चौरसिया को द्वितीय और ऋचा रैकवार को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। साथ ही, सृष्टि बोहरे और आवेश सिंह लोधी ने भी अपने प्रभावशाली प्र दर्शन से जजों को प्रभावित किया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता ने आयोजन समिति के सभी सदस्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे सामूहिक प्रयासों से ही समाज में सकारात्मक परिवर्तन आता है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर जल सुरक्षा और संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश समाज के बीच दिया।

### कलेक्टर ने पेट्रोल पंप संचालकों के साथ पेट्रोल डीजल की उपलब्धता की समीक्षा की

# जिले में पेट्रोल-डीजल की पर्याप्त उपलब्धता, अफवाहों पर ध्यान न दें, कालाबाजारी करने वालों पर करें सख्त कार्रवाई : डीएम

**प्रवेश संवाद सागर**



कलेक्टर संदीप जी आर ने कहा कि तेल कंपनियों के पास मौजूदा समय में पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है एवं मांग के अनुसार निरंतर आपूर्ति की जा रही है। साथ ही कालाबाजारी करने वालों पर सख्त कार्यवाही करें। उन्होंने समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में ईंधन आपूर्ति की लगातार मॉनिटरिंग करें एवं आमजन को समझाइश दें कि कहीं भी पेट्रोल डीजल की कमी नहीं है। उक्त निर्देश कलेक्टर संदीप जी आर ने पेट्रोल पंप संचालकों के साथ, पेट्रोल डीजल की उपलब्धता की समीक्षा बैठक में दिए। बैठक में अपर कलेक्टर अविनाश रावत, नगर दंडाधिकारी गगन बिसेन, जिला आपूर्ति नियंत्रक ज्योति बघेल, पेट्रोल पंप संचालक अध्यक्ष राजेंद्र दुबे एवं कंपनियों के संचालक एवं सेल्स ऑफिसर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर संदीप जी आर ने जिले के पेट्रोल पंप संचालकों एवं पेट्रोल डीजल की विभिन्न कंपनियों के सेल्स ऑफिसर के साथ समीक्षा बैठक ली जिसमें जिले के पेट्रोल पंपों पर ईंधन की उपलब्धता एवं मांग की समीक्षा की गई। कलेक्टर को बताया गया कि सभी पेट्रोल पंप पर पर्याप्त मात्रा में स्टॉक उपलब्ध है एवं लगातार मांग के अनुसार आपूर्ति की जा रही है। विभिन्न कंपनियों के सेल्स ऑफीसरों ने बताया कि कंपनियों में भी पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है चिंता करने की कोई बात नहीं है एवं अफवाहों पर ध्यान ना दें। पेट्रोल पंप एसोसिएशन एवं विभिन्न पंप संचालक और IOCL एवं BPCL कम्पनी के सेल्स ऑफिसर के साथ MS/HSD के भण्डारण और पूर्ति के संबंध में समीक्षा की गई। बैठक में संचालकों ने बताया कि पम्प पर पर्याप्त स्टॉक है। किन्तु अफ़वाहों के कारण पम्पों पर भीड़ बढ़ी है। सेल्स ऑफिसर्स ने बताया कि पूर्ति लगातार की जा रही है। कम्पनी में भी स्टाक की पर्याप्त मात्रा है।

कलेक्टर संदीप जी आर ने सागर जिले के समस्त नागरिकों से अपील की कि पैनिक होने की स्थिति नहीं है। जिले में पेट्रोल-डीजल के सप्लाई निर्बाध्य रूप से एवं लगातार की जा रही है। वाहनों में अतिरिक्त पेट्रोल-डीजल का अनावश्यक भण्डारण न करें, क्योंकि इसकी कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि सामान्य दिनों की तरह ईंधन की उपलब्धता निरंतर बनी हुई है। सभी कंपनियों के प्रतिनिधियों ने कहा कि उनके पास पर्याप्त स्टॉक हमेशा रहता है। कंपनियों द्वारा भी नागरिकों से अफवाहों पर ध्यान न देने का अनुरोध किया गया है। कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि जिले में पेट्रोल-डीजल की किसी प्रकार की कमी नहीं है।

अफवाहों पर ध्यान न दें और अनावश्यक रूप से पैनिक न हों। कलेक्टर ने कहा कि वर्तमान में पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है तथा भविष्य की आवश्यकता के लिए भी पर्याप्त स्टॉक सुरक्षित है। ऑयल कंपनियों को नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं, साथ ही बढ़ती मांग को देखते हुए सप्लाई चेन को भी सुदृढ़ किया जा रहा है। कलेक्टर संदीप जी आर ने बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अधिकारी पूरी सतर्कता के साथ स्थिति पर निगरानी रखे तथा नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए आवश्यक सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाये। ईंधन की पर्याप्त एवं सुचारू आपूर्ति होती रहे इस हेतु लगातार पेट्रोल पंपों का निरीक्षण करते रहें। कलेक्टर संदीप जी आर ने इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम व हिंदुस्तान पेट्रोलियम कंपनियों के प्रतिनिधियों से कहा के स्टॉक की उपलब्धता के सम्बन्ध में डेटा शेयर करेंगे। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि वितरण व्यवस्था को मजबूत करने पर जोर दें।

साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों के पेट्रोल पम्पों पर स्टॉक उपलब्ध कराया जाए। आगे भी इस व्यवस्था को बनायें रखा जाए। सभी पेट्रोल पम्पों पर अनाउंस सिस्टम पर उपभोक्ताओं को संबोधित करें। इसके अलावा वितरक कंपनियां ब्लैक मार्केटिंग करने वाले डीलरों पर तत्काल कार्यवाही करें। उन्होंने जिला आपूर्ति नियंत्रक को निर्देशित किया कि सभी पेट्रोल पंपों पर निगरानी रखें एवं कालाबाजारी करने वालों पर एसडीएम, तहसीलदार के साथ मिलकर कार्यवाही करें।

## संभाग स्तर पर परिवेदना निवारण शिविर 1 अप्रैल से

**प्रवेश संवाद सागर**

लोक शिक्षण संचालनालय म.प्र. के निर्देशानुसार जिला स्तर पर परिवेदना निवारण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। शिविर के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी सागर, जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र को आयोजन कराने के निर्देश दिए गए हैं। संभाग मुख्यालय पर परिवेदना निवारण शिविर दिनांक 01.04.2026 को इस कार्यालय के नवीन भवन के प्रथम तल पर स्थित मीटिंग हाल में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें प्रमुखता से लंबित क्रमोन्नति / समयमान वेतनमान के प्रकरणों का निराकरण। वेतन वृद्धि संबंधी प्रकरण। सेवा अभिलेखों का अद्यतनीकरण। आगामी 3 वर्षों में सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों के वेतन निर्धारण का कोष लेखा द्वारा परीक्षण किया जाकर वसूली योग्य प्रकरणों में सेवानिवृत्ति के पूर्व वसूली का निर्धारण। पेंशनरी व अन्य स्वत्वों का निराकरण।अन्य लंबित अभ्यावेदनों का निराकरण संबंधी प्रकरणों का निराकरण किया जावेगा।

## कलेक्टर के निर्देश पर पेट्रोल पंपों का निरीक्षण, सभी पेट्रोल पंपों पर पर्याप्त स्टॉक

**प्रवेश संवाद सागर**



कलेक्टर संदीप जी. आर. के निर्देश पर जिले में ईंधन आपूर्ति को सुचारू और सुरक्षित बनाए रखने के उद्देश्य से अपर कलेक्टर अविनाश रावत एवं पुलिस अधीक्षक लोकेश सिन्हा द्वारा सागर जिले के विभिन्न पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा पेट्रोल पंप पर पेट्रोल डीजल की उपलब्धता की जानकारी प्राप्त की गई इसी दौरान आपूर्ति के अनुसार मांग की समीक्षा की गई। इस दौरान एस टी कोमलचंद पेट्रोल पंप सिविल लाइन्स, अगम पेट्रोल पंप तिली, डायमंड पेट्रोल पंप राजघाट रोड, सूर्यांश पेट्रोल पंप आरटीओ कार्यालय के पास, मोतीलाल पेट्रोल पंप पथरिया जाट तथा आदित्य पेट्रोलियम सिरोजा सहित अन्य पंपों का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान पेट्रोल पंपों पर भीड़ नियंत्रण की व्यवस्था सुनिश्चित करने, सुरक्षा मानकों का पालन करने तथा अनावश्यक स्टॉकिंग या कालाबाजारी करने वालों को सख्त समझाइश दी गई। प्रशासन ने पंप संचालकों को निर्देश दिए कि आम जनता को बिना किसी परेशानी के ईंधन उपलब्ध कराएं और अफवाहों पर आधारित अनावश्यक भीड़ को नियंत्रित रखें। उन्होंने सभी पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देश दिए की लगातार आपूर्ति बनाए रखें एवं स्टाफ की उपलब्धता हेतु बड़े-बड़े बोर्ड लगाएं जिससे कि आपकी उपलब्धता की जानकारी पेट्रोल पंप ग्राहकों को मिल सके।

कलेक्टर संदीप जी आर ने कहा कि देश में पेट्रोल-डीजल की पर्याप्त उपलब्धता है और अंतरराष्ट्रीय घटनाओं को लेकर फैलाई जा रही कमी की अफवाहें पूरी तरह भ्रामक हैं उन पर ध्यान न दें। नागरिकों से अपील की गई है कि वे केवल सामान्य मात्रा में ही ईंधन खरीदें तथा अनावश्यक स्टॉकिंग से बचें।

## माता रानी के दर्शनों के साथ श्रद्धा पूर्वक मनाई अष्टमी, रामनवमी आज, निकलेंगे जवारे

**प्रवेश संवाद तेंदूखेड़ा**



चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर अष्टमी तिथि श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाई गई। इस वर्ष नवरात्रि में किसी भी तिथि का क्षय न होने के कारण पूरे नौ दिनों तक पर्व मनाया जा रहा है, जिसके चलते अष्टमी गुरुवार को पड़ी। अष्टमी का विशेष धार्मिक महत्व होने के कारण क्षेत्र में भक्ति का वातावरण बना रहा। पंडित बलराम शास्त्री के अनुसार नवरात्रि के आठवें दिन को दुर्गाष्टमी कहा जाता है, जो मां दुर्गा के आठवें स्वरूप महागौरी को समर्पित होता है। इस दिन विधि-विधान से पूजा-अर्चना का विशेष महत्व है। अष्टमी के अवसर पर नगर के प्रमुख मंदिरों—पुरानी खेर माता, बड़ी खेरमाई महाकाली मंदिर, ज्वाला देवी मंदिर तथा विद्यानगर स्थित शारदा मंदिर—में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भक्तों ने माता रानी के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। अष्टमी के दिन घर-घर में भी धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। लोगों ने अपनी कुलदेवी की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-शांति के लिए प्रार्थना की। इसके पश्चात श्रद्धालु मंदिरों में पहुंचकर माथा टेकते नजर आए। कई घरों में कन्या पूजन का आयोजन किया गया, जहां छोटी कन्याओं को देवी का स्वरूप मानकर उनका पूजन कर उन्हें भोजन कराया गया। कुछ श्रद्धालुओं ने अष्टमी के दिन ही व्रत पारण किया, जबकि कई लोग राम नवमी के दिन व्रत पूर्ण करेंगे।

इसी कड़ी में शुक्रवार को रामनवमी का पर्व नगर में भव्यता और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इसके इसके लिए नगर एवं क्षेत्र में विशेष रूप से तैयारी चल रही हैं विभिन्न मंदिरों में विशेष पूजन, हवन, भजन-कीर्तन एवं प्रसादी वितरण के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। श्रद्धालु बड़ी संख्या में भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव में शामिल होकर धर्म लाभ अर्जित करेंगे। आयोजकों द्वारा नगर में आकर्षक सजावट और धार्मिक कार्यक्रमों की व्यापक तैयारियां की गई हैं, जिससे पूरे नगर में उत्सव का माहौल बना हुआ है। आज जवारे भी निकलेंगे

## संवाद योजनान्तर्गत नवांकुर संस्थाओं की मासिक समीक्षा बैठक सह प्रशिक्षण का आयोजन

**प्रवेश संवाद सागर**

सागर जिले की नवांकुर संस्थाओ का एक दिवसीय बैठक सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत कार्यालय में किया गया।इस दौरान डॉ के एस यादव वरिष्ठ प्रधान कृषि वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र सागर,श्री पी एस बडोले उप संचालक उद्यानिकी विभाग सागर,श्री के के मिश्रा, जिला समन्वयक मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद,सभी विकासखंड समन्वयक, नवांकुर संस्था,सी एम इंटर्न उपस्थित रहे। जिला समन्वयक द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान, प्रस्फुटन प्रशिक्षण,ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान, नर्सरी संचालन, संस्कार केंद्र संचालन, जन सूचना केंद्र संचालन, प्याऊ संचालन (जल मंदिर), सेक्टर स्तर बैठक, आदि विषयों पर सभी नवांकुर संस्थाओ की विस्तार से समीक्षा की उन्होंने कहा कि सभी संस्थाएं जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत विभिन्न चरणों में परिषद के नेटवर्क द्वारा आयोजित की जाने वाली गतिविधियों (जल शक्ति



से नव भक्ति कार्यक्रम,जल स्रोत सेवा समागम कार्यक्रम,बावड़ी उत्सव कार्यक्रम) का क्रियान्वयन शत प्रतिशत लक्ष्य अनुसार पूर्ण करें। प्रशिक्षणके प्रथम चरण में कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक के एस यादव द्वारा नवांकुर संस्थाओं को नर्सरी निर्माण का प्रशिक्षण दिया गया इस दौरान उन्होंने पॉलीथिन बेग की उपलब्धता, बीज निर्माण, पौधा रोपण,सिंचाई, मिट्टी परीक्षण, मौसम की अनुकूलता,आदि विषयों सहित अन्य विषयों पर जानकारी प्रदान की इस दौरान उनके द्वारा सभी नवांकुर संस्थाओ के द्वारा नर्सरी निर्माण के सम्बन्ध में पूछे गए प्रश्नों समस्या समाधान का उत्तर भी दिया गया उद्यानिकी विभाग के उपसंचालक पी एस बडोले द्वारा उद्यान विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के द्वितीय चरण मे सभी प्रतिभागियों द्वारा सहायक उद्यान विस्तार अधिकारी, जिला समन्वयक व ब्लॉक समन्वयक के साथ उद्यानिकी विभाग की शासकीय संतति नर्सरी का संस्थाओं द्वारा भ्रमण कर नर्सरी निर्माण का कार्य सीखा कार्यक्रम में स्वागत व आभार प्रदर्शन विकासखंड समन्वयक जन अभियान परिषद जय सिंह ठाकुर द्वारा किया गया।

मुद्रक एवं प्रकाशक- सुरेंद्र सिंह राजपूत (पृथ्वी) द्वारा जयश्री नारायण प्रिंटिंग प्रेस विट्ठल भवन गुजराती बाजार सागर (म.प्र.) से मुद्रित, बैंक कॉलोनी, तिली रोड सागर से प्रकाशित। मो. नं. 9926459376
प्रबंध संपादक : अभिषेक पुरोहित, आर.एन.आई. नंबरः MPHIN/2013/48637, समाचार चयन के लिए पी.आर.पी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। न्यायिक क्षेत्र सागर (म.प्र.) रहेगा।

# अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग के अत्याचार पीड़ितों को राहत राशि का भुगतान सहजता से सुनिश्चित कराएं: मुख्य सचिव

- मुख्य सचिव ने गेहूं उपार्जन कार्य की तैयारियों की समीक्षा की







**प्रवेश संवाद सागर**

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने प्रदेश में ड्रग्स माफियाओं के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश प्रदेश के सभी पुलिस अधीक्षकों को दिए हैं। मुख्य सचिव ने निर्देशित करते हुए कहा है कि प्रदेश से ड्रग्स माफियाओं का नेटवर्क पूर्णतः समाप्त होना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि प्रदेश में ड्रग्स का कारोबार करने वाले अपराधियों को चिन्हित करें और उनके विरुद्ध सख्त कार्यवाही करें। मुख्य सचिव ने प्रदेश के सभी कलेक्टरों को निर्देश दिए हैं कि वे अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग के अत्याचार पीड़ितों और पक्षकारों को मिलने वाली राहत राशि का भुगतान सहजता से समय पर सुनिश्चित कराएं। मुख्य सचिव अनुराग जैन आज कमिश्नर, कलेक्टर और पुलिस अधीक्षकों के कॉन्फ्रेंस में अधिकारियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से निर्देशित कर रहे थे।

मुख्य सचिव ने प्रदेश की कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि नागरिकों को साइबर कानून के संबंध में जागरूक करने की आवश्यकता है। इस दिशा में प्रदेश के सभी पुलिस अधीक्षक लोगों को जागरूक करें। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में राजस्व प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा करते हुए मुख्य सचिव ने प्रदेश के सभी कलेक्टरों को निर्देश दिए हैं कि राजस्व प्रकरणों का निराकरण तेजी से सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि अविवादित नामांतरण के प्रकरण समय सीमा से बाहर नहीं होना चाहिए। उन्होंने कलेक्टरों को निर्देश दिए हैं कि नामांकन, सीमांकन और बंटवारा के प्रकरणों का समय पर निराकरण करना राजस्व अधिकारियों की जिम्मेदारी है। इस जिम्मेदारी का निर्वहन सभी राजस्व अधिकारी और कलेक्टर्स निष्ठापूर्वक करें।

मुख्य सचिव ने लोक सेवा प्रदाय की गारंटी अधिनियम की समीक्षा करते हुए कलेक्टरों को निर्देश दिए कि लोक सेवा प्रदाय की गारंटी अधिनियम के अंतर्गत नागरिकों को समय सीमा में सेवा देना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का समय सीमा में निराकरण होना चाहिए।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्य सचिव ने कहा कि नरवाई जलाने की घटनाओं के प्रति किसानों को जागरूक करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि नरवाई जलाने से किसानों और आम लोगों को क्या हानियां होती हैं तथा पर्यावरण पर क्या विपरीत प्रभाव पड़ता है, इसके संबंध में जागरूक किया जाए।

बैठक में प्रदेश में गेहूं उपार्जन कार्य की तैयारियों की समीक्षा करते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि गेहूं उपार्जन के लिए सभी माकूल व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में पशुपालन विभाग, मत्स्य पालन विभाग एवं पेयजल व्यवस्था की भी समीक्षा की गई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में सागर एनआईसी से संभाग कमिश्नर अनिल सुचारी, कलेक्टर संदीप जी.आर., पुलिस अधीक्षक विकास सहवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## शिवाजी महाराज की प्रतिमा के अनावरण हेतु ज्योतिरादित्य सिंधिया को विधायक व सांसद ने दिया आमंत्रण


**प्रवेश संवाद सागर**



विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने दिल्ली प्रवास के दौरान सागर संसदीय क्षेत्र की सांसद डॉ. लता वानखेड़े के साथ केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर विधायक जैन एवं सांसद डॉ लता वानखेड़े ने मंत्री श्री सिंधिया को सागर आगमन के लिए औपचारिक आमंत्रण दिया। उन्होंने बताया कि सागर में हिन्दू हृदय सम्राट छत्रपति शिवाजी महाराज की भव्य प्रतिमा बनकर तैयार हो चुकी है। विधायक जैन ने प्रतिमा के अनावरण हेतु मंत्री सिंधिया से आग्रह किया। इस पर केंद्रीय मंत्री ने सहमति व्यक्त करते हुए आश्वस्त किया कि वे शीघ्र ही सागर आकर कार्यक्रम में शामिल होंगे। यह भेंट सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई, जिसमें सागर के विकास एवं सांस्कृतिक विरासत को और सशक्त बनाने पर भी चर्चा हुई।

## कठिन परिश्रम से चमके नन्हे सितारे, कक्षा 5वीं 8वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित

**प्रवेश संवाद** तेंदूखेड़ा. विद्याभारती सरस्वती शिशु मंदिर तेंदूखेड़ा में सत्र 2025-26 का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के भैया-बहिनों ने अपने कठिन परिश्रम, लगन एवं अनुशासन के बल पर उत्कृष्ट सफलता अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।





कक्षा पंचम में बहिन शिक्षा बागवार पिता जितेन्द्र बागवार ने 89.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान बहिन ईशमासेन पिता उदयसेन ने 89.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर हासिल किया तथा तृतीय स्थान बहिन जिनांशी जैन पिता मुकेश कुमार ने 88.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा अष्टम में बहिन वैष्णवी साहू पिता कमलेश साहू ने 93.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान अर्जित किया। द्वितीय स्थान बहिन अंशिका तिवारी पिता अजय तिवारी ने 93.0 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्राप्त किया तथा तृतीय स्थान बहिन कीर्ति लोधी पिता – इन्द्रपाल लोधी ने 92.0 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्राप्त किया। विद्यालय परिवार ने सभी सफल भैया-बहिनों के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं करते हुए आशा व्यक्त की कि वे अपने सतत परिश्रम, दृढ़ संकल्प एवं उत्कृष्ट संस्कारों के बल पर आगे भी सफलता के नवीन आयाम स्थापित करते हुए अपने परिवार एवं विद्यालय का नाम निरंतर रोशन करेंगे।

## उत्पादक समूह सदस्यों की कार्यशाला का आयोजन



**प्रवेश संवाद सागर**

मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के द्वारा महिला किसानों के द्वारा अपने खेतों में जो कृषि उत्पाद तैयार किए जाते हैं उन कृषि उत्पादों के समुचित विपणन के लिए उत्पादक समूह अर्थात प्रोड्यूसर ग्रुप बनाए गए हैं यह प्रोड्यूसर ग्रुप किसान और मंडी के बीच की बिचौलियों को हटाते हुए एक कड़ी का काम करेंगे और महिला के किसानों को उनके उत्पाद का समुचित दाम दिलाने के लिए एक ग्राम स्तरीय व्यापारी की भूमिका का निर्वहन करेंगे इस कार्यशाला में विकासखंड देवरी विकासखंड सागर माल्थोन खुरई और शाहगढ़ की महिलाओं ने भाग लिया कार्यशाला में प्रभाष मुधोतिया ने महिला किसानों को बाजार विपणन के बारे में ग्रेडिंग पैकिंग मूल्य संवर्धन के बारे में अनूप तिवारी ने उत्पादों की गुणवत्ता की जानकारी उत्पादक समूहों के प्रबंधन के बारे में उत्पादक समूह और संकुल स्तरीय फेडरेशन के बीच में आपसी लेनदेन के संदर्भ में कार्यशील पूंजी और अधो संरचना मध्य की राशि के उपयोग के संदर्भ में डॉक्टर आशीष त्रिपाठी ने जैविक खेती और कीटनाशक तैयार करने की घरेलू वीडियो के बारे में बताया उपसंचालक उद्यानिकी बडोली ने उद्यानिकी विभाग के माध्यम से संचालित योजनाओं के बारे में और एक बगिया मां के लाभार्थी महिलाओं को पौध प्रबंधन तकनीकी के बारे में जानकारी दी गई, कलेक्टर संदीप जी आर आर के अनुसार महिला किसानों को लखपति दीदी बनाने के लिए शासन की ओर से उत्पादक समूह हो का पृथक से गठन कर उनके ग्राम स्तरीय व्यापार की स्थापना के लिए अधूरे संरचना मत और कार्यशील पूंजी का प्रदाय किया गया है महिलाएं अपने काम को सफलतापूर्वक संपादित कर सके इसलिए इस कार्यशाला के माध्यम से उन्हें संपूर्ण जानकारी का प्रदान किया गया है।

## जल गंगा संवर्धन अभियान से संवर रही सुखचौन नदी

- जल स्रोतों के पुनर्जीवन से बढ़ेगा जलस्तर

**प्रवेश संवाद सागर**



मध्य प्रदेश शासन द्वारा संचालित "जल गंगा संवर्धन अभियान" के अंतर्गत देवरी नगर में जीवनदायिनी सुखचौन नदी के पुनर्जीवन एवं सौंदर्यीकरण का कार्य विधिवत रूप से प्रारंभ किया गया। यह अभियान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेशभर में संचालित किया जा रहा है। कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश एवं मार्गदर्शन में नगर पालिका द्वारा देवरी की सुखचौन नदी की साफ-सफाई, गहरीकरण एवं सौंदर्यीकरण का कार्य शुरू किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नेहा अलकेश जैन, तहसीलदार श्रीमती प्रीतिरानी चौरसिया, मुख्य नगर पालिका अधिकारी देवरी के.बी. बघेल एवं पार्षद संजय चौरसिया सहित अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना कर किया गया। इसके पश्चात जेसीबी मशीनों के माध्यम से नदी के सफाई कार्य की शुरुआत की गई।

नगर पालिका अध्यक्ष नेहा जैन ने अपने उद्बोधन में कहा कि "जल गंगा संवर्धन अभियान केवल एक योजना नहीं, बल्कि जन-जन की भागीदारी से जल संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। सुखचौन नदी का पुनर्जीवन नगर के पर्यावरण संतुलन और जल संकट के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

तहसीलदार प्रीतिरानी चौरसिया ने कहा कि "प्रदेश शासन की यह पहल आने वाले समय में जल स्तर को बढ़ाने और परंपरागत जल स्रोतों को पुनर्जीवित करने में मील का पत्थर साबित होगी। प्रशासन और आमजन के सहयोग से इस अभियान को सफल बनाया जाएगा। पार्षद संजय चौरसिया ने अपने संबोधन में कहा कि "नदियों, तालाबों और बावड़ियों का संरक्षण हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। इस अभियान के माध्यम से हम आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संरक्षण का मजबूत आधार तैयार कर रहे हैं।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी देवरी के.बी. बघेल ने जानकारी देते हुए बताया कलेक्टर के निर्देश एवं मार्गदर्शन में देवरी नगर की जीवनदायनी नदी के सौंदर्यकरण, साफ सफाई का कार्य प्रारंभ किया गया है, समस्त जल स्रोतों को पुनः जीवित किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत न केवल नदी की साफ-सफाई की जाएगी, बल्कि उसके सौंदर्यीकरण और जल धारण क्षमता को बढ़ाने के लिए भी कार्य किए जाएंगे। इस अवसर पर पार्षद काशीराम पटेल, नारायण बाल्मिक, पटवारी रशीद खान, सोनू साहू, मुकेश नामदेव, संदीप पाठक मौजूद थे।



प्रवेश संवाद
चुप न रहें संवाद करें
#Digital Edition
सागर, शुक्रवार, 27 मार्च 2026


## पंचकल्याणक छठवां दिन : मुनि आदिनाथ ने लिया इक्षु रस का आहार

# गणचार्य विशुद्ध सागर की भव्य आगवानी में उमड़ा जनसमुदाय, भरत चक्रवती की दिग्विजय यात्रा निकली



अतुल जैन आदित्य
9713684113






घुवारा। धर्मनगरी घुवारा में आयोजित हो रहे श्री मज्जीजिनेंद्र पंचकल्याणक महोत्सव प्रतिष्ठा महोत्सव के छठवें दिन सुबह आचार्य विशुद्ध सागर ससंघ की भव्य आगवानी हुई। आचार्य श्री के पाद प्रक्षालन के लिए जनसमुदाय उमड़ पड़ा और रंगोली सजाकर आरती उतारकर आगवानी की गई। इसके बाद मुनि आदिनाथ आहार को निकले। दोपहर में भरत चक्रवती ऋषि सुनवाहा परिवार की दिग्विजय यात्रा निकली। दोपहर में प्रवचन और शाम को भव्य आरती और सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न हुए।

### गजरथ परिक्रमा महा मस्तकाभिषेक के साथ होगा समापन



शुक्रवार के दिन महामहोत्सव का आखिरी दिन है जहां गजरथ परिक्रमा के साथ समारोह सम्पन्न होगा। नवनिर्मित शीतलधाम के चौबीसी प्रांगण में महामस्तकाभिषेक के साथ समापन होगा।



### मुनि आदिनाथ ने लिया प्रथम आहार

गुरुवार के दिन तपकल्याण का दिन पंचकल्याण के मुनि आदिनाथ ने दीक्षा के बाद प्रथम आहार लिया। जहां राजा श्रेयांश ने इक्षु रस से मुनि श्री को प्रथम आहार दिया आज मोक्ष कल्याण का दिन है जब प्रभु को मोक्ष प्राप्त होगा।

### इन्होंने निभाई जिम्मेदारियां

पंचकल्याणक में भगवान के माता पिता सुखानंद सेठ परिवार , सोधर्म इंद्र परिवार संजय जबलपुरी परिवार , भरत चक्रवती ऋषि सुनवाया परिवार इत्यादि को महा सौभाग्य अर्जित हुआ। वही कमेटी की ओर से प्रमोद मस्ताई अध्यक्ष , संजय जैन शिक्षक संरक्षक, निर्मल बारों मंत्री , प्रमोद सेठ , कैलाश चौधरी इत्यादि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# टोरिया के श्री राम मंदिर पर अतिक्रमण को लेकर बवाल, विश्व हिंदू परिषद का 3 दिन का अल्टीमेटम

प्रवेश संवाद खजुराहो





जिले के टोरिया गांव स्थित श्री राम मंदिर एक बार फिर विवादों के केंद्र में आ गया है। छतरपुर-पन्ना नेशनल हाईवे किनारे स्थित इस प्राचीन मंदिर में हिंदू नव वर्ष एवं चैत्र नवरात्रि अष्टमी के अवसर पर श्री राम जानकी महा आरती का भव्य आयोजन किया गया। धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल देखने को मिला।

कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद के प्रांत प्रचार प्रसार प्रमुख अनुपम गुप्ता, विभाग मंत्री प्रखर भट्ट, जिला अध्यक्ष राजकुमार गंगेले, जिला मंत्री आशीष गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारियों और स्थानीय नागरिकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

धार्मिक कार्यक्रम के बीच मंदिर परिसर के आसपास हो रहे अवैध अतिक्रमण का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। संगठनों के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि मंदिर की पवित्रता और श्रद्धालुओं की आस्था के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है, लेकिन प्रशासन इस मामले में गंभीरता नहीं दिखा रहा है।

इस पर नाराजगी जताते हुए विश्व हिंदू परिषद और अन्य संगठनों ने प्रशासन को तीन दिन का अल्टीमेटम दिया है। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर मंदिर परिसर से अवैध अतिक्रमण नहीं हटाया गया, तो इसके लिए पूरी तरह प्रशासन जिम्मेदार होगा।

स्थानीय लोगों ने भी इस मुद्दे पर संगठनों का समर्थन करते हुए जल्द से जल्द कार्रवाई की मांग की है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस चेतावनी के बाद क्या कदम उठाता है और क्या मंदिर परिसर को अतिक्रमण मुक्त कराया जा सकेगा।

## कलेक्टर ने पशु चारा एवं भूसे के निर्यात पर लगाया प्रतिबंध

प्रवेश संवाद छतरपुर.

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी पार्थ जैसवाल ने छतरपुर जिले में पशु चारा एवं भूसा की कमी की आशंका तथा पशुओं को पर्याप्त मात्रा में चारा भूसा की आपूर्ति बनाए रखने के उद्देश्य से पशु चारे एवं भूसे के निर्यात को प्रतिबंधित किया है। आगामी 10 जून 2026 तक जिले की सीमावर्ती जिलों में निर्यात पर प्रतिबंध रहेगा। जिला दंडाधिकारी द्वारा मध्यप्रदेश चारा (निर्यात नियंत्रण) आदेश 2000 में निहित प्रावधानों के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग कर जारी किए गए आदेश में उल्लेखित है कि प्रतिबंध अवधि में पशु आहार में आने वाले सभी प्रकार के चारे, घास-भूसा, कड़वी (ज्वार के डंठल), पैरा (धान के डंठल) इत्यादि का छतरपुर जिले के बाहर सीमावर्ती जिलों में परिवहन एवं निर्यात पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लागू रहेगा। कोई भी कृषक, व्यापारी, निर्यातक व्यक्ति किसी भी प्रकार से प्रतिबंधित पशुचारा एवं भूसा का परिवहन किसी वाहन, नाव, मोटर, रेल या किसी भी यान द्वारा जिले के बाहर एवं अन्य जिले में संबंधित क्षेत्र के उपखण्ड मजिस्ट्रेट या कलेक्टर की अनुज्ञा के बिना निर्यात नहीं करेगा।

# बॉर्डर के पेट्रोल पंपों पर उमड़ी भीड़, हरपालपुर क्षेत्र में पेट्रोल भरवाने की होड़

## यूपी-एमपी सीमा पर ईंधन को लेकर अफरा-तफरी, अचानक बढ़ी इस भीड़ के चलते कई पंपों पर लग गई लंबी-लंबी कतारें

**प्रवेश संवाद छतरपुर/हरपालपुर**





उत्तर प्रदेश–मध्य प्रदेश सीमा के पेट्रोल पंपों पर इन दिनों भारी भीड़ देखने को मिल रही है। अचानक बढ़ी इस भीड़ के चलते कई पंपों पर लंबी-लंबी कतारें लग गई हैं। वाहन चालकों में पेट्रोल भरवाने की होड़ मची हुई है, जिससे व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, पेट्रोल-डीजल के दामों में संभावित बदलाव और आपूर्ति को लेकर फैल रही अफवाहों के कारण लोग पहले से ही ईंधन भरवाने पहुंच रहे हैं। यही वजह है कि सुबह से लेकर देर रात तक पंपों पर वाहनों की लाइनें लगी रहती हैं। खासतौर पर बॉर्डर एरिया के पंपों पर यूपी और एमपी दोनों तरफ के लोग बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। भीड़ बढ़ने से कई जगहों पर जाम जैसे हालात बन रहे हैं, जिससे आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं पेट्रोल पंप संचालक भी स्थिति को संभालने में जुटे हैं और लोगों से संयम बनाए रखने की अपील कर रहे हैं। प्रशासन की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है, लेकिन यदि यही स्थिति बनी रही तो यातायात व्यवस्था पर और अधिक दबाव पड़ सकता है। फिलहाल लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और जरूरत के अनुसार ही ईंधन भरवाने की अपील की जा रही है।

# विश्वविद्यालय में "जन सहभागिता से जल संरक्षण एवं संवर्धन" विषय पर हुई संगोष्ठी





**प्रवेश संवाद छतरपुर**

महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, छतरपुर के भूगोल विभाग द्वारा 26 मार्च 2026 गुरुवार को " जन सहभागिता से जल संरक्षण एवं संवर्धन" विषय पर एक महत्वपूर्ण संगोष्ठी का आयोजन कुलगुरु प्रो. राकेश कुशवाह के संरक्षण एवं कुलसचिव श्री यशवंत सिंह पटेल के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। मीडिया समिति सदस्य पूजा तिवारी के अनुसार यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के सरस्वती हॉल में छात्र कल्याण अधिष्ठाता एवं भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ. आर. एस. सिसोदिया, वनस्पति विज्ञान विभाग के प्राध्यापक डॉ. पी. के. खरे तथा भूगोल विभाग के सहायक प्राध्यापक श्री गुरु ओम मनु की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। मुख्य वक्ता डॉ. पी. के. खरे ने अपने उद्बोधन में छतरपुर एवं बुंदेलखंड क्षेत्र में ग्रीष्मकालीन जल संकट की समस्या पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने जल संरक्षण में वनों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए बढ़ते शहरीकरण के कारण जल स्रोतों एवं वर्षा चक्र पर पड़ रहे दुष्प्रभावों को सरल एवं प्रभावी शब्दों में समझाया। साथ ही उन्होंने ट्यूबवेल के अत्यधिक उपयोग से हो रही जल बर्बादी की ओर भी ध्यान आकृष्ट किया। डॉ. खरे ने चंदेलकालीन तालाबों की ऐतिहासिक एवं भौगोलिक महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इनकी संरचना में मध्य स्थित कुएं विशेष रूप से जल संरक्षण की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने जलवायु परिवर्तन के प्रभावों का उल्लेख करते हुए व्यक्तिगत स्तर पर जागरूकता एवं व्यवहारिक सुधार की आवश्यकता पर बल दिया। डॉ. आर. एस. सिसोदिया ने अपने संबोधन में जल संरक्षण एवं संवर्धन को वर्तमान समय की अनिवार्य आवश्यकता बताते हुए इसके भूगोल एवं वनस्पति विज्ञान से अंतर्संबंधों को स्पष्ट किया। उन्होंने व्यक्तिगत एवं सामूहिक प्रयासों के माध्यम से जल संरक्षण को प्रभावी बनाने के उपाय भी सुझाए। कार्यक्रम में अतिथि विद्वान अभिषेक सोनी, बृजगोपाल कुशवाहा, अनुराग सिंह बघेल, प्रदीप कुमार पटेल एवं शोधार्थी आदित्य प्रजापति सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं आभार प्रदर्शन श्री गुरु ओम मनु द्वारा किया गया।

# धर्म कांटे पर बैक होते ट्रक की चपेट में आया बाइक सवार, हालत गंभीर, रेफर

## नौगांव-टीकमगढ़ रोड पर हादसा; एंबुलेंस नहीं मिली, पिकअप से पहुंचाया अस्पताल

**प्रवेश संवाद नौगांव**





शहर के पलेरा रोड पर स्थित धर्मकांटे के पास बुधवार की रात एक गंभीर सड़क हादसा हो गया। ट्रक के बैक करते समय एक बाइक सवार उसकी चपेट में आ गया, जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार ट्रक क्रमांक सीजी 04 जेडी 6702 पलेरा रोड स्थित धर्म कांटे पर वजन कराने के बाद बैक हो रहा था। इसी दौरान बाइक क्रमांक एमपी 36 जेई 4460 से टीकमगढ़ की ओर जा रहा युवक ट्रक से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में घायल युवक के हाथ-पैर में गंभीर चोटें आई हैं। मौके पर मौजूद लोगों एवं पुलिस की सहायता से उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नौगांव पहुंचाया गया। बताया गया कि एंबुलेंस उपलब्ध नहीं होने के कारण घायल को पिकअप वाहन से अस्पताल लाना पड़ा। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। घायल युवक ने अचेत अवस्था में अपना नाम जय प्रकाश राजपूत, पिता जयहिंद राजपूत, निवासी सिमराखुर्द (जिला टीकमगढ़) बताया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# गिट्टी से भरा ट्रैक्टर पकड़ाया, रॉयल्टी नहीं मिलने पर पुलिस थाना में किया जब्त

## क्रेशर बंद होने के बीच अवैध उत्खनन और परिवहन पर खनिज विभाग की सख्ती, मचा हड़कंप

**प्रवेश संवाद नौगांव**





क्षेत्र में पत्थर क्रेशरों के बंद होने के चलते अवैध उत्खनन और गिट्टी के अवैध परिवहन का कारोबार तेजी से बढ़ रहा है। इसी के मद्देनजर खनिज विभाग ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए गिट्टी से भरे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़कर जब्त कर लिया। वाहन को पुलिस थाना में खड़ा कराकर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

जानकारी के अनुसार, नौगांव क्षेत्र में संचालित अधिकांश पत्थर क्रेशर आवश्यक दस्तावेजों और वैध अनुमति के अभाव में बंद पड़े हुए हैं। इसके बावजूद कुछ लोगों द्वारा चोरी-छिपे पत्थरों का उत्खनन कर गिट्टी तैयार की जा रही है और बिना रॉयल्टी के बाजार में सप्लाई की जा रही है। इससे शासन को राजस्व की हानि हो रही है, वहीं पर्यावरणीय नियमों का भी उल्लंघन हो रहा है। गुरुवार दोपहर खनिज अधिकारी प्रभा शर्मा को सूचना मिली थी कि तिदनी रोड स्थित एक क्रेशर से अवैध रूप से गिट्टी का परिवहन किया जा रहा है। सूचना के आधार पर उन्होंने मौके पर पहुंचकर गिट्टी से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोककर जांच की। जांच के दौरान ट्रैक्टर चालक से गिट्टी के परिवहन से संबंधित रॉयल्टी पर्ची एवं अन्य वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए कहा गया, लेकिन चालक कोई भी दस्तावेज नहीं दिखा सका। इस पर खनिज अधिकारी ने तत्काल कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर पुलिस थाना में रखवा दिया। खनिज अधिकारी प्रभा शर्मा ने बताया कि बिना रॉयल्टी के खनिज का परिवहन पूर्णतः अवैध है और इस प्रकार के मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जब्त वाहन के खिलाफ खनिज अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर जुर्माना एवं अन्य वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। लगातार मिल रही हैं अवैध उत्खनन की शिकायतें स्थानीय स्तर पर लगातार शिकायतें मिल रही हैं कि क्षेत्र में कुछ लोग नियमों को दरकिनार कर अवैध रूप से पत्थर निकालकर गिट्टी तैयार कर रहे हैं। रात के समय ऐसे वाहनों की आवाजाही भी देखी जा रही है, जिससे प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। अभियान जारी रखने के संकेत खनिज विभाग ने स्पष्ट किया है कि यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी और अवैध उत्खनन व परिवहन में लिप्त लोगों के खिलाफ सख्ती बरती जाएगी। विभाग द्वारा नियमित रूप से चेकिंग अभियान चलाकर ऐसे मामलों पर नजर रखी जा रही है। इस कार्रवाई के बाद अवैध कारोबार में लिप्त लोगों में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है।